


काम की खबर...

**नियम लागू:** 30 अप्रेल लिंक कराने की डेडलाइन

# आयुष्मान से सीजीएचएस आइडी लिंक कराना जरूरी

*नई दिल्ली @ पत्रिका. केंद्र सरकार ने सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (सीजीएचएस) बेनिफिशियरी आइडी को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट से लिंक करना जरूरी कर दिया है। 1 अप्रेल से यह नियम लागू हो गया है और 30 अप्रेल सीजीएचएस आइडी को आयुष्मान हेल्थ अकाउंट से लिंक कराने की डेडलाइन है। केंद्रीय कर्मचारी आमतौर पर इलाज के लिए सीजीएचएस कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनका इलाज बिना पैसों के या फिर काफी कम लागत में हो जाता है।*



**42 लाख** से अधिक लाभार्थी सीजीएचएस योजना के अधीन देशभर में

**12 करोड़** परिवारों के 55 करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा मिल रही आयुष्मान भारत योजना के तहत

**30 करोड़** लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं

## क्या होंगे फायदे

1 हेल्थ आइडी नंबर दर्ज करने पर ***मरीज की हेल्थ से जुड़ा सारा रेकॉर्ड सामने आ जाएगा।***

2 मरीजों का मेडिकल रेकॉर्ड एक जगह दर्ज रहेगा, ***मरीज इसे डॉक्टर के साथ साझा कर सकेंगे।***

3 मरीज की मेडिकल हिस्ट्री के बारे में ***सही जानकारी मिलेगी और उपचार की गुणवत्ता बेहतर होगी।*** टेलीमेडिसिन आदि का उपयोग सहज होगा।

## ऐसे करें लिंक

- डिजिटल हेल्थ रेकॉर्ड बनाने के लिए आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक ***मोबाइल नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की आवश्यकता होगी।***
- डिजिटल हेल्थ कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले ***आधिकारिक पोर्टल*** https://healthid.ndhm.gov.in/ ***पर जाएं।***
- इसके बाद क्रिएट ABHA नंबर के विकल्प को चुनें ***और कार्ड को डाउनलोड कर लें।***

***आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन:*** इसका उद्देश्य हर नागरिक का इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रेकॉर्ड बनाने के लिए एक मंच विकसित करना है। आभा 14 अंकों की संख्या है जो लाभार्थी के हेल्थ आइडी के रूप में जानी जाती है। जनवरी, 2024 तक 52 करोड़ से ज्यादा आभा नंबर जारी किए गए हैं।

**सोने की रेकॉर्ड महंगाई:** ₹7,500 महंगा हुआ सोना एक माह में, बाजार से दूर हो रहे खरीदार

# गोल्ड 71,000 तो चांदी 80,000 के करीब ज्वैलर्स की नजर अक्षय तृतीय पर टिकी

SKJ Jewellers | VAISHALI NAGAR 0141-4005001 | VIDHYADHAR NAGAR 0141-2820777

**नई दिल्ली@पत्रिका.** अमरीका में ब्याज दरें घटने की उम्मीद, दुनिया में भू-राजनीतिक संघर्ष बढ़ने और चीन में उत्पादन में तेजी आने से सोना-चांदी की कीमतों में आग लगी हुई है। एक महीने में ही सोना 7500 रुपए यानी 11% से अधिक महंगा हो गया है। चांदी की कीमतें भी इस दौरान 9% बढ़ी है। जयपुर और इंदौर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 71,000 रुपए के पार निकल गया। चांदी भी 80,000 रुपए किलो के करीब है, जो अब तक सोने-चांदी की सबसे अधिक कीमत है। एमसीएक्स पर सोना ₹70,379 के ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। गोल्ड की कीमतें बढ़ने से ग्राहक बाजार से गायब हो गए हैं। यहां तक कि मार्च में सोने का आयात भी तेजी से घटा है। फरवरी में करीब 100 टन सोना आयात हुआ था जो मार्च में 25 टन से भी कम रह गया। शादियों के सीजन में ज्वैलरी शोरूम से ग्राहक गायब हैं। ऐसे में ज्वैलर्स की नजर अब मई के पहले सप्ताह में पड़ने वाली अक्षय तृतीया और वैवाहिक मांग परे टिक गई है। ज्वैलर्स का कहना है कि अगर सोने की कीमतों में गिरावट आई तो ही बिक्री बढ़ने की उम्मीद है।

## एक माह में ऐसे बढ़ी कीमतें




(जयपुर सर्राफा बाजार का भाव)

**₹70,379** प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया एमसीएक्स पर 24 कैरेट वायदा सोना, जयपुर में प्रति *किलो चांदी की कीमतें 79,800 रुपए*

### गोल्ड शेयरों में बड़ी गिरावट

| कंपनी | लुढ़के |
|---|---|
| रेनेसां ग्लोबल | -11.5 |
| पीसी ज्वैलर | -7.95 |
| राजेश एक्सपोर्ट्स | -6.26 |
| डेक्कन गोल्ड | -7.55 |
| वैभव ग्लोबल | -10.2 |

### ...इसलिए बढ़ रही सोने की चमक

- अमरीका में ब्याज दरों में कटौती की संभावना और ***बढ़ती महंगाई की चिंताओं की वजह से सोने की कीमतों में उछाल आया है।***
- रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने से सुरक्षित निवेश की ***मांग बढ़ने की वजह से सोने की कीमतों में मजबूती देखने को मिल रही है।***
- दुनियाभर के सेंट्रल बैंक गोल्ड रिजर्व बढ़ा रहे। ***केंद्रीय बैंकों ने जनवरी में 45 टन तो फरवरी में 19 टन सोना खरीदा।***

**2288 डॉलर** प्रति औंस के ऑल-टाइम हाई पर ग्लोबल बाजार में सोना, ***एक औंस में 28.35 ग्राम सोना होता है***

## क्या कहते हैं एक्सपर्ट...

### मांग तरकीबन खत्म

सोने में तेजी जरूर है, मगर इसकी मांग काफी कम है। बाजार में सोने की मांग तरकीबन खत्म हो गई है। आने वाले समय में सोना का भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रति औंस 2170 डॉलर तक गिर सकता है। कीमतें घटने पर ही खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है।
**- दीपक सोनी,** कार्तिकेय बुलियन

### शोरूम खाली

शादी का सीजन है और गोल्ड खरीदना मुश्किल हो रहा है। ज्वैलरी शोरूम में इक्के-दुक्के ग्राहक ही दिख रहे हैं। पूरे देश में सोने की खरीदारी 50% तक कम हो गई है। **- अहमदाबाद ज्वेलर्स एसोसिएशन**

### कुछ माह में 64,000 रुपए पर आ सकता है

कीमतें बढ़ने से देश में गोल्ड रिसाइक्लिंग का आंकड़ा 130 टन के करीब जा सकता है और 2019 का रेकॉर्ड टूट सकता है। कुछ माह में मार्केट करेक्ट होने की उम्मीद है और सोने का भाव 64,000 रुपए पर आ सकता है।
**- अजय केडिया,** बाजार विशेषज्ञ

**आइपीओ:** कंपनियों में फंड जुटाने की होड़

# वर्ष 2024-25 में ₹1 लाख करोड़ जुटाएंगी कंपनियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** आइपीओ बाजार चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तरह गुलजार रहने की उम्मीद है। इन्वेस्टमेंट बैंक पैंटोमैथ ग्रुप ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि वर्ष 2024-25 में कंपनियां आइपीओ के जरिए 01 लाख करोड़ रुपए से अधिक जुटाने की तैयारी में हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 में 76 मेनबोर्ड सेगमेंट की कंपनियों ने आइपीओ से 62,862 करोड रुपए जुटाए थे, जो वित्त वर्ष 2022-23 के मुकाबले 21% ज्यादा है। अब तक 56 कंपनियों ने आइपीओ के जरिए 70,000 करोड़ से अधिक जुटाने के लिए सेबी के पास आवेदन किया है, जिनमें 19 को 25,000 करोड़ रुपए का आइपीओ लाने की मंजूरी मिल चुकी है।

**56 कंपनियों** ने 70,000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए ***सेबी के पास अपने ऑफर डॉक्यूमेंट फाइल किए***

**19 कंपनियों** को 25,000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए सेबी से मिल चुकी है मंजूरी ***37 कंपनियां 45,000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए सेबी से मंजूरी का कर रहीं इंतजार***

**09 न्यू एज** टेक्नोलॉजी कंपनियां आइपीओ से ***करीब 21,000 करोड़ रुपए जुटाने की कोशिश कर रहीं***

**76 कंपनियों** ने वित्त वर्ष 2023-24 में आइपीओ से जुटाए 62,862 करोड़ रुपए, ***28% रहा इन कंपनियों का लिस्टिंग-डे गेन***

## आइपीओ टालने वाली कंपनियों मार रहीं एंट्री

**पैंटोमैथ ग्रुप** ने अपनी रिपोर्ट में कहा, शेयर बाजार में रेकॉर्ड तेजी के कारण कंपनियां जिस रफ्तार से आइपीओ से पैसे जुटा रही हैं, उससे लगता है कि वित्त वर्ष 25 में आइपीओ से फंडरेजिंग 1 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर जाएगा। पहले जिन कंपनियों ने अपने आइपीओ के प्लान को टाल दिया था, वे भी अब बाजार की अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए शेयर बाजार में अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। बाजार में उछाल के कारण इन कंपनियों को ज्यादा फंड कलेक्शन की उम्मीद है। 2023-24 में लिस्ट होने वाले 76 कंपनियों में से 55 स्टॉक यानी 70% आइपीओ अभी इश्यू प्राइस से ऊपर ट्रेड कर रहे हैं।

## जीएलए के 170 छात्रों का कैपजेमिनी में चयन

**मथुरा@पत्रिका.** जीएलए विश्वविद्यालय के 170 विद्यार्थियों ने कैपजेमिनी में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कैपजेमिनी ने जीएलए विश्वविद्यालय में पिछले आठ वर्षों के अपने प्लेसमेंट रेकॉर्ड में बढ़त दर्ज करते हुए इस बार उच्चतम पैकेज पर 170 विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया है।

## एमआइटी-डब्ल्यूपीयू में पंजीकरण शुरू

**जयपुर@पत्रिका.** डॉ. विश्वनाथ

## पेज 1 का शेष

### डमी...

जोधपुर, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद से 3-3, टोंक-सवाई माधोपुर, उदयपुर

## फोनपे ने की स्टार हेल्थ से साझेदारी

**नई दिल्ली.** फोनपे ने आज ग्राहकों

पश्चिम रेलवे

